RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई, मंगलवार 07अक्टूबर 2025 | वर्ष 07 | अंक 171 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

मुंबई : 45 में से 22 स्टेशनों पर ओजोन प्रदूषण



Page - 2

# '...नहीं तो किसानों की 3 पीढ़ियां हो जाएंगी बर्बाद',

## उद्धव ठाकरे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

पूर्व मुख्यमंत्री एवं शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे (यूबीटी) पार्टी के पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है कि मराठवाड़ा के बाढ़ प्रभावित किसानों को प्रति हेक्टेयर 50,000 रुपए मुआवजा दें और किसानों का कर्जा पूरी तरह से माफ करें। प्रधानमंत्री 8 और 9 अक्टूबर को मुंबई आ रहे हैं।

इसी पृष्ठभूमि में उद्धव ने पीएम मोदी को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने मांग करते हुए लिखा है कि बाढ़ प्रभावित किसान पीएम मोदी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ठाकरे का कहना है कि राज्य सरकार ने 2,500 करोड़ रुपए के पैकेज की घोषणा की है, लेकिन यह अपर्याप्त



है। ठाकरे ने कहा है कि मराठवाड़ा कीचड़ और पानी में डूबा हुआ है। फसलें, घर, पशुधन और जमीन बर्बाद हो गई हैं। 40 लाख किसान और 60 लाख एकड़ कृषि प्रभावित हुई है। दो पीढ़ियां फसल नहीं काट पाएंगी। बिना किसी जल्दबाजी के 50,000 रुपए प्रति हेक्टेयर की सीधी सहायता और कर्ज माफी दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि तुरंत मदद नहीं मिली, तो किसानों की तीन पीढ़ियां बर्बाद हो जाएंगी। इससे पहले ठाकरे ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का मुआयना किया और सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अब सबकी नजर इस बात पर है कि प्रधानमंत्री किस आर्थिक पैकेज का ऐलान करते हैं।

## मुंबई : नायगांव मेट्रो परियोजना और परिवहन पुल के टेंडर में देरी... वर्षों पुराना सपना चकनाचूर



**मुंबई :** मीरा-भायंदर से नायगांव मेट्रो परियोजना और परिवहन पुल के टेंडर में देरी ने पंजू द्वीप के ग्रामीणों का वर्षों पुराना सपना चकनाचूर कर दिया है। इस गाँव से नायगांव या भायंदर स्टेशन पहुँचने के लिए नाव से या फिर रेलवे क्रीक ब्रिज पर ट्रक पर बैठकर पैदल यात्रा करनी पड़ती है।

इस यात्रा ने अब ग्रामीणों की जान ले ली है। फिर भी, राज्य सरकार और केंद्र ने इसे नजरअंदाज कर दिया है। पंजू द्वीप के एक युवक संजय भोईर की लोकल ट्रेन में एक यात्री द्वारा फेंके गए नारियल की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद, पंजू द्वीप पर रुके हुए पुल का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में आ गया है।

## कल्याण कोर्ट में फर्जी दस्तावेज जमा कर के ली जमानत,

### एक साल बाद हुआ बेनकाब...

**कल्याण :** कल्याण कोर्ट में फर्जी दस्तावेज जमा कर आरोपी को जमानत दिलाने का मामला एक साल बाद उजागर हुआ। कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय में आरोपी बलराज सिंह को जमानत दिलाने के लिए भिवंडी कोन गांव के फिरोज कुरैशी ने फर्जी दस्तावेज तैयार किए थे। इन दस्तावेजों को अदालत में पेश किया गया और मई पिछले वर्ष बलराज सिंह को जमानत दे दी गई थी। हाल ही में अदालत द्वारा किए गए पुनः सत्यापन में पता चला कि जमानत के लिए जमा किए गए दस्तावेज पूरी तरह फर्जी थे।

सहायक अधीक्षक वृषाली दिनेश चव्हाण ने महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।



पुलिस ने इसके बाद फिरोज कुरैशी और बलराज सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है। बताया जाता है कि दस्तावेजों में सभी जानकारी जाली थी और इन्हें सिर्फ जमानत पाने के उद्देश्य से तैयार किया गया था।

पुलिस और न्यायिक अधिकारियों के अनुसार, फर्जी दस्तावेजों की मदद से बलराज सिंह ने अदालत से जमानत हासिल कर ली थी। यह मामला न्याय व्यवस्था में फजीवाड़े की गंभीरता को उजागर करता है। पुलिस अब जांच कर रही है कि दस्तावेज तैयार करने और जमानत दिलाने में और किन-किन लोगों की संलिप्तता हो सकती है।

सहायक अधीक्षक वृषाली चव्हाण ने बताया कि फर्जी दस्तावेजों का खुलासा होने के बाद अदालत में भी गहन जांच की गई। इस मामले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जमानत की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी गंभीर परिणाम ला सकती है। न्यायपालिका और पुलिस का कहना है कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न हो।

## ठाणे रिश्वत मामला :

### डीएमसी पटोले, दो अन्य को न्यायिक हिरासत में भेजा गया...



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में रिश्वतखोरी के एक मामले में गिरफ्तार ठाणे के उप नगर आयुक्त शंकर पटोले और दो अन्य लोगों को सोमवार को एक अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पटोले, डेटा ऑपरेटर ओमकार गायकर और सुशांत सुर्वे की पुलिस हिरासत दिन में समाप्त हो गई, जिसके बाद उन्हें अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एस एस शिंदे की अदालत में पेश किया गया।

इस मामले की जांच कर रहे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने तीनों की पुलिस हिरासत पर जोर नहीं दिया। अदालत के एक अधिकारी ने बताया कि तीनों की जमानत याचिका पर सुनवाई आठ अक्टूबर को निर्धारित की गई है। उप नगर आयुक्त पटोले और गायकर को एक अक्टूबर को नगर निगम मुख्यालय में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा मारे गए छापे के दौरान गिरफ्तार किया गया था। पटोले ठाणे नगर निगम के अतिक्रमण नियंत्रण और निष्कासन विभाग का नेतृत्व कर रहे थे। रियल एस्टेट डेवलपर अभिजीत कदम ने मुंबई एसीबी से शिकायत की थी कि ठाणे के एक नगर निगम अधिकारी (पटोले) ने शहर में उनके परिसर से अतिक्रमण हटाने के लिए कथित तौर पर 50 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उसने चार जुलाई को सुशांत सुर्वे के माध्यम से अधिकारी को 10 लाख रुपये का भुगतान कर दिया था। सुर्वे ने तीन अक्टूबर को आत्मसमर्पण कर दिया था और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## मुंबई : यौन संबंध का बनाया दबाव, 1.5 करोड़ रुपये वसूले!

### नामी वकील के साथ युवती ने खेला 'डर्टी गेम'

**मुंबई :** गोरेगांव पश्चिम के एक 51 वर्षीय अधिवक्ता से हिमाचल प्रदेश की एक 28 वर्षीय महिला ने कथित तौर पर 2 करोड़ रुपये की ठगी की। महिला ने कथित तौर पर उनके खिलाफ झूठा बलात्कार का मामला दर्ज कराने की धमकी दी। गोरेगांव पुलिस ने महिला पारुल राणा, उसके माता-पिता, बहन और एक दोस्त के खिलाफ जबरन वसूली और मानहानि का मामला दर्ज



किया है। 3 अक्टूबर को शिकायत दर्ज कराने वाले अधिवक्ता राजीव रंजन संयुक्त राष्ट्र, विश्व व्यापार संगठन, जी7, ब्रिक्स, यूनिसेफ, राष्ट्रमंडल और कई अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठनों और शिखर सम्मेलनों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। एफआईआर के अनुसार, रंजन की राणा से मई 2024 में उनके आवास पर आपसी दोस्तों के माध्यम से मुलाकात हुई थी, जिसके बाद उन्होंने संपर्क विवरण और सोशल मीडिया आईडी का आदान-प्रदान किया।

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई, मंगलवार 07अक्टूबर 2025




## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## अनिश्चितता से बढ़ी चमक

कीमती धातुओं ने वर्ष 2025 में अधिकांश वित्तीय परिसंपत्तियों को पीछे छोड़ दिया है। वर्ष अपनी अंतिम तिमाही में प्रवेश कर रहा है और सोना तथा चांदी लगातार तेजी पर बने हुए हैं। अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में सोना 48 फीसदी ऊपर है जबकि चांदी ने जनवरी 2025 से अब तक 65 फीसदी का रिटर्न दिया है। दोनों धातुओं ने रिकॉर्ड स्तर छुआ है।

अब त्योहारी मौसम चल रहा है जो पारंपरिक रूप से सोना-चांदी खरीदे जाने का समय है। ऐसे में भारतीय परिवारों की नजर इन दोनों धातुओं पर है। कई लोग सोच रहे होंगे क्या उन्हें इतनी महंगी कीमत पर केवल नाम मात्र की ही खरीदारी करनी चाहिए। हालांकि यह मानने की वजह मौजूद हैं कि यह तेजी आगे भी जारी रह सकती है। भले ही इसकी गति का अनुमान लगाना मुश्किल हो। कई कारक ऐसे भी हैं जो विश्व स्तर पर सोने और चांदी की कीमतों को प्रभावित कर रहे हैं। वर्षों से सोने और चांदी को मूल्यवान माना जाता है। ये ऐसी संपत्तियां हैं जिनके बारे में माना जाता है कि ये मुद्रास्फीति को मात दे सकती हैं और अनिश्चित आर्थिक माहौल में सुरक्षा प्रदान करती हैं। यही वजह है कि निवेशकों की रुचि इन धातुओं में बनी रहती है।

कीमतों में इजाफे की एक वजह मुद्रा बाजार में उतार-चढ़ाव भी है। खासतौर पर कमजोर अमेरिकी डॉलर अक्सर तेजी को गति देता है क्योंकि दोनों धातुओं की अंतरराष्ट्रीय कीमतें डॉलर में ही निर्धारित होती हैं। एक अन्य कारक है भूराजनीतिक तनाव। कीमती धातुओं का बाजार बहुत नकदीकृत होता है और युद्ध, बाढ़ तथा अन्य उथलपुथल की हालत में भी इन्हें भंडारित करना या लाना-ले जाना बहुत आसान होता है। एक्सचेंज ट्रेडेड फंड यानी ईटीएफ ने आधुनिक समय में इन मूल्यवान धातुओं को रखना और आसान किया है। ईटीएफ ऐसे डिजिटल साधन हैं जो इन धातुओं की कीमतों पर करीबी नजर रखते हैं। भूराजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितता सोने और चांदी की कीमतों में तेजी की वजह हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के प्रशासन ने शुल्क वृद्धि की जो जंग छेड़ी है, वह मुद्रास्फीति को भी गति दे सकती है। खासतौर पर अमेरिका में। इससे मुद्रा बाजार में भी अस्थिरता उत्पन्न हुई है, क्योंकि वैश्विक बाजार अमेरिकी शुल्क संबंधी मांगों से पैदा हुई अनिश्चितताओं को समायोजित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

Rokthok Lekhani News Update
WhatsApp group

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : 45 में से 22 स्टेशनों पर ओजोन प्रदूषण

## एनजीटी ने गहरी चिंता जताते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की



**मुंबई :** सीपीसीबी की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर के 57 में से 25 निगरानी स्टेशनों पर आठ घंटे की सीमा से अधिक समय तक ओजोन प्रदूषण रहा, जबकि मुंबई के 45 में से 22 स्टेशनों पर भी यही स्थिति देखी गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की ताजा रिपोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में ग्राउंड-लेवल ओजोन प्रदूषण के खतरनाक स्तर को उजागर किया है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने इस पर गहरी चिंता जताते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है। सीपीसीबी की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर के 57 में से 25 निगरानी स्टेशनों पर आठ घंटे की सीमा से अधिक समय तक ओजोन प्रदूषण रहा, जबकि मुंबई के 45 में से 22 स्टेशनों पर भी यही स्थिति देखी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि वाहनों, बिजलीघरों और औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले नाइट्रोजन ऑक्साइड (एनओएक्स), वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (वीओसी) और कार्बन मोनोऑक्साइड (सीओ) सूरज की रोशनी में रासायनिक प्रतिक्रिया से ओजोन बनाते हैं। यह गैस सांस की बीमारियों, विशेष रूप से अस्थमा और दमा को बढ़ावा देती है, साथ ही फसलों को नुकसान पहुंचाकर खाद्य सुरक्षा को खतरे में डालती है।

यह रिपोर्ट, सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की एक अध्ययन पर आधारित मीडिया रिपोर्ट से जुड़ी है। रिपोर्ट में ग्राउंड-लेवल ओजोन में खतरनाक वृद्धि बताया गया है। यह श्वसन संबंधी समस्याओं और पर्यावरणीय क्षति से जुड़ा एक शक्तिशाली प्रदूषक है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि गर्मी और सूरज की रोशनी ओजोन निर्माण को तेज करती है, जिससे शहरी क्षेत्रों में हॉटस्पॉट बन रहे हैं। एनजीटी ने इस मुद्दे पर गंभीरता दिखाते हुए पर्यावरण मंत्रालय और सीपीसीबी से ओजोन नियंत्रण के लिए विशेषज्ञ समिति गठन का प्रस्ताव स्वीकार किया है। मामले की अगली सुनवाई 12 नवंबर को होगी।


**विशेषज्ञ समिति का गठन प्रस्तावित**

रिपोर्ट में कहा गया कि पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय व सीपीसीबी ने ओजोन और उसके कारकों को नियंत्रित करने के उपायों पर सिफारिश करने के लिए विशेषज्ञ समिति के गठन का प्रस्ताव दिया था। एक अन्य मामले में दायर रिपोर्ट में ओजोन और इसके कारणों को नियंत्रित करने के लिए एक अध्ययन करने का सुझाव दिया गया है। सुनवाई के दौरान सीपीसीबी ने इस प्रकरण से जुड़े दो आवेदनों पर एक साथ सुनवाई करने का अनुरोध किया।

**क्या है ओजोन प्रदूषण?**

ओजोन एक गैस है जो तीन ऑक्सीजन अणुओं से बनती है। ऊंचे आसमान में यह हमें सूरज की हानिकारक किरणों से बचाती है, लेकिन जमीन के पास यह प्रदूषण बन जाता है। यह सीधे किसी स्रोत से नहीं निकलता, बल्कि वाहनों, उद्योगों और बिजलीघरों से निकलने वाली नाइट्रोजन ऑक्साइड (एनओएक्स), वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (वीओसी) और कार्बन मोनोआक्साइड (सीओ) के सूरज की रोशनी में रासायनिक प्रतिक्रिया से बनता है।

# भिवंडी : नकली हॉलमार्क सोने से क्रेडिट संस्था को 28 लाख का चूना; महिला-पुरुष पर FIR



**भिवंडी :** भिवंडी के काल्हेर इलाके में एक चौंकाने वाला फाइनेंशियल फ्रॉड सामने आया है। एक महिला और पुरुष ने मिलकर गोल्ड मॉर्गेज लोन के नाम पर क्रेडिट संस्था को 28 लाख रुपये का चूना लगाया। आरोपियों ने कम कैरेट का सोना यह कहकर गिरवी रखा कि वह 22 कैरेट का हॉलमार्क है। यह मामला आधार नागरिक सहकारी क्रेडिट सोसायटी का है, जहां काल्हेर निवासी रितु संदीप सिंह (28) और पूर्णा निवासी राजन रामलोचन शुक्ला (32) पहुंचे। दोनों ने संस्था को विश्वास में लेकर करीब 134.3 ग्राम सोने की 3 चूड़ियां और 1 चेन जमा की। लेकिन सच्चाई ये थी कि सोना 22 कैरेट का नहीं बल्कि केवल 1 से 6 कैरेट का था।

जब क्रेडिट सोसायटी को शक हुआ और जांच करवाई गई, तो बड़ा खुलासा हुआ। सामने आया कि पूरा सोना नकली हॉलमार्क के साथ संस्था को दिया गया था। शिकायत के बाद संस्था के सीईओ देवीदास रमेश चौधरी (45) सीधे पुलिस के पास पहुंचे।

**नारपोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज**


इस मामले की गंभीरता को देखते हुए नारपोली पुलिस स्टेशन में आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है कि आखिर यह फर्जीवाड़ा किस स्तर तक फैला है और क्या इसमें और लोग शामिल हैं।

**28 लाख की चपत से हड़कंप**

स्थानीय स्तर पर यह खबर जंगल में आग की तरह फैल गई है। क्योंकि गोल्ड लोन पर लोगों का भरोसा हमेशा से ज्यादा होता है। आमतौर पर क्रेडिट संस्थान हॉलमार्क सोने को सबसे सुरक्षित मानते हैं। ऐसे में कम कैरेट के सोने को 22 कैरेट बताकर लोन लेना एक बड़ा झटका है।

# भिवंडी : दिल दहला देने वाली घटना;

## दोस्त बना दुश्मन, पाइपलाइन के झगड़े में युवक की हत्या...!




**भिवंडी :** महाराष्ट्र के भिवंडी शहर के शांति नगर इलाके में निजामिया होटल के पास एक दिल दहला देने वाली घटना प्रकाश में आई है। यहां एक 23 वर्षीय युवक की उसके ही दोस्तों ने हत्या कर दी। मृतक की पहचान जीशान अकबर अंसारी के रूप में हुई है, जो परिवार चलाने के लिए मजदूरी करता था। जीशान अंसारी रोज की तरह अपने तीन दोस्तों के साथ काम पर गया था।

देर शाम, जब चारों काम से लौट रहे थे तो रास्ते में किसी बात को लेकर उनमें बहस शुरू हो गई। बहस इतनी ज्यादा हुई कि जीशान के सीने पर उसके दोस्तों ने जोरदार वार कर दिया, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा। बाद में बेसुध मिले जीशान को परिवार के लोग स्थानीय दवाखाने गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को भिवंडी के इंदिरा गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलते ही सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर विनायक गायकवाड के नेतृत्व में शांति नगर पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने तीन में से दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है, जबकि तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम के लिए शव को अस्पताल भेजा गया है। प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण पाइपलाइन विवाद बताया जा रहा है, लेकिन पुलिस अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। जीशान अंसारी की भतीजी ने मीडिया को बताया कि पाइपलाइन पर झगड़ा हुआ था। मेरे मामा ने बीच-बचाव कर विवाद शांत कराया था। इसके बावजूद हसन और उसके दोनों भाइयों ने मामा पर हमला किया।

# मुंबई : चक्रवाती तूफान शक्ति; मानसून की विदाई में दो से तीन दिन तक की देरी

**मुंबई :** अरब पिछले हफ्ते आए चक्रवाती तूफान शक्ति ने मुंबई के मौसम को प्रभावित कर दिया है. पिछले छह सालों की तरह इस बार भी मुंबई से मानसून की विदाई में दो से तीन दिन तक की देरी हो सकती है. मुंबई में मानसून की वापसी की तारीख 8 अक्तूबर, लेकिन मौसम विभाग ने बताया कि साइक्लोन शक्ति की वजह से इस साल मानसून की वापसी 8 से 11 तारीख के बीच होगी. मौसम विभाग ने बताया कि चक्रवात शक्ति और मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के कारण मानसून के विदाई में देरी हो रही है. 2018 के बाद से मुंबई में मानसून की सामान्य तारीख पर विदाई नहीं हुई. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि चक्रवात शक्ति, जो पहले बंगाल की खाड़ी से शुरू हुआ और अरब सागर में रौद्र रूप लिया, ने राज्य में मानसून की वापसी की प्रक्रिया को बाधित कर दिया है.

**बारिश का अलर्ट**

IMD ने कहा कि मुंबई में मानसून हटने तक हल्की से मध्यम बारिश जारी रह सकती है. सोमवार को मुंबई, ठाणे, रायगढ़ और पालघर के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है. क्टऊने पालघर और ठाणे के लिए मंगलवार को 'येलो अलर्ट' जारी किया है, जिसमें बिजली चमक, हल्की-मध्यम बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी है.



मौसम विशेषज्ञ अभिजीत मोडक ने बताया, 'चक्रवात शक्ति ने राज्य में मानसून की वापसी के दौरान तूफानी गतिविधियों को कमजोर कर दिया है. इसके अलावा, एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ दक्षिण की ओर आ रहा है, जो शुष्क उत्तरी हवाओं को ला रहा है. इससे संवहनीय गतिविधियां कम हो सकती हैं. शक्ति से राज्य के तटीय इलाकों पर कोई खतरा नहीं है.

**बंगाल की खाड़ी का दबाव**

मुंबई के मौसम ट्रैकर रुशिकेश अग्रे ने कहा, 'बंगाल की खाड़ी में दबाव प्रणाली ने विदाई को टाला था, लेकिन अब यह सक्रिय हो गई है. मानसून की पूरी तरह से विदाई में एक सप्ताह लग सकता है. तब तक मुंबई में हल्की बारिश होती रहेगी.' इस साल मुंबई में मानसून की शुरुआत सबसे जल्दी 26 मई को हुई थी.

**मानसून में देरी की चुनौती**

इस देरी किसानों और शहरवासियों के लिए चुनौती पैदा कर रही है. मुंबई में लगातार वर्षा से जलभराव की समस्या बढ़ सकती है, जबकि ग्रामीण इलाकों में फसलें प्रभावित होंगी. IMD ने 5-7 अक्टूबर तक कोंकण क्षेत्र में मध्यम से भारी वर्षा का पूर्वानुमान दिया है. विशेषज्ञों का कहना है कि चक्रवात शक्ति का कमजोर पड़ना और पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव मिलकर मानसून को लंबा खींच रहा है.

**6 साल से मानसून की विदाई में देरी**

मानसून का ग्राफ देखें है कि 2018 के बाद मानसून की विदाई में देरी हुई है. 2019 में 12 अक्टूबर, 2020 में 15 अक्टूबर, 2021 में 13 अक्टूबर, 2022 में 11 अक्टूबर, 2023 में 14 अक्टूबर और 2024 में 10 अक्टूबर को विदाई हुई.

# मुंबई : संजय राउत ने नारायण राणे को दी चेतावनी
## बेटों को संभालो, सत्ता आती-जाती रहती है

**मुंबई :** पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे तथा उनकी पार्टी शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत के खिलाफ महाराष्ट्र की महायुति सरकार में मंत्री नितेश राणे अक्सर तीखे हमले करते रहते हैं। शिवसेना (यूबीटी) के नेता नितेश के बयानों को नजरअंदाज करते हैं। लेकिन नितेश राणे का पूर्व मंत्री रामदास कदम के बयान का समर्थन करना उद्धव की पार्टी को रास नहीं आया है।

शिवसेना (यूबीटी) के सांसद व प्रवक्ता संजय राउत ने सीधे नितेश राणे के पिता व बीजेपी सांसद नारायण राणे को चेतावनी देते हुए कह दिया है कि वह अपने बेटों को संभालें, सत्ता तो आती जाती रहती है।



**कदम ने बालासाहेब के निधन को लेकर उठाए सवाल**

गोरेगांव-पूर्व स्थित नेस्को में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के दशहरा सम्मेलन में पूर्व मंत्री रामदास कदम ने दिवंगत शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे के निधन को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर गंभीर आरोप लगाए थे। रामदास कदम ने सवाल उठाते हुए कहा था कि निधन के बाद बालासाहेब का पार्थिव शरीर उद्धव ने दो दिनों तक घर में रखा था। इस दौरान उनके मृत शरीर से उंगलियों के निशान लिए जाने का सनसनीखेज दावा भी कदम ने किया था।

**नितेश राणे ने किया कदम का समर्थन**

वहीं महाराष्ट्र सरकार के मंत्री और नारायण राणे के बेटे नितेश राणे ने कदम के आरोपों का समर्थन करते हुए कहा था कि स्विट्जरलैंड से कोई आनेवाला था। इसलिए शव को रखा गया था। इस पर अब उद्धव की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने नितेश के सांसद पिता एवं बीजेपी नेता नारायण राणे को चेतावनी दी है।

# मुंबई : पूरे शहर में उड़ने वाले लालटेन की बिक्री...
## कब्जे और उपयोग पर 10 नवंबर तक प्रतिबंध की घोषणा...



**मुंबई :** आगामी त्यौहारी सीजन के दौरान सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, मुंबई पुलिस आयुक्तालय ने पूरे शहर में उड़ने वाले लालटेन, जिन्हें आमतौर पर आकाश लालटेन के रूप में जाना जाता है, की बिक्री, कब्जे और उपयोग पर एक महीने के लिए प्रतिबंध की घोषणा की है,। यह प्रतिबंध 12 अक्टूबर से 10 नवंबर तक प्रभावी रहेगा। इस कदम का उद्देश्य संभावित आग के खतरों को कम करना और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में शांति बनाए रखना है। नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे नियमों का पालन करें और उन गतिविधियों में शामिल होने से बचें जो त्यौहार मनाते समय खुद को या दूसरों को खतरे में डाल सकते हैं। पुलिस उपायुक्त (संचालन) अकबर पठान ने आकाश लालटेन से उत्पन्न खतरों पर प्रकाश डाला, यह देखते हुए कि वे आसानी से बिजली के तारों, छतों और वाहनों में फंस सकते हैं, जिससे आकस्मिक आग या अन्य दुर्घटनाएं हो सकती हैं।


उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसी घटनाएं सार्वजनिक सुरक्षा और संपत्ति दोनों को खतरा पहुंचा सकती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने यह भी चेतावनी दी है कि असामाजिक तत्व इन लालटेनों का इस्तेमाल ध्यान भटकाने या गड़बड़ी पैदा करने के लिए कर सकते हैं। इससे प्रतिबंध का पालन करने के महत्व पर और जोर दिया गया है। मुंबई पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस आदेश का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। नागरिकों को सुरक्षा को प्राथमिकता देने और आकाश लालटेनों के इस्तेमाल से पूरी तरह परहेज करते हुए पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदारी से दिवाली मनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। अधिकारियों ने दुर्घटनाओं को रोकने और शांतिपूर्ण त्योहारी अवधि सुनिश्चित करने के लिए सतर्कता और सामुदायिक सहयोग की आवश्यकता दोहराई है। इन दिशानिर्देशों का पालन करके, निवासी जान-माल या सार्वजनिक व्यवस्था को खतरे में डाले बिना त्योहारों का आनंद ले सकते हैं, साथ ही पूरे शहर में स्थायी और सुरक्षित त्योहारी प्रथाओं को बढ़ावा दे सकते हैं।

# मुंबई : भीषण सड़क दुर्घटना हुई जिसमें एक व्यक्ति की मौत!

**मुंबई :** दादर के प्लाजा बस स्टॉप के पास रविवार देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। तेज रफ़्तार टेंपो ट्रैवलर नियंत्रण खोकर दाईं ओर से एक वेट-लीज बस से टकरा गया। घटना के बारे में यह घटना रात लगभग 11:30 बजे हुई और इसमें बेस्ट के प्रतीक्षा नगर डिपो के अंतर्गत रूट 169 पर चलने वाली मातेश्वरी वेट लीज बस शामिल थी।

प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, बस (टल01उफ4654) वर्ली से प्रतीक्षा नगर डिपो लौट रही थी जब यह दुर्घटना हुई। जैसे ही यह प्लाजा बस स्टॉप के पास पहुँची, दादर टीटी की ओर से शिवाजी पार्क की ओर जा रहे एक टेंपो ट्रैवलर ने नियंत्रण खो दिया और बस के आगे के दाहिने हिस्से से टकरा गई।

# मुंबई: कोल्ड्रिफ सिरप की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने का आदेश जारी...



**मुंबईः** महाराष्ट्र में खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने कोल्ड्रिफ सिरप की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने का आदेश जारी किया है। एफडीए की ओर से आम नागरिकों से इस संदर्भ में सतर्क रहने की भी अपील की है। एफडीए सूत्रों ने रविवार को बताया कि तमिलनाडु स्थित श्रीसन फार्मा द्वारा निर्मित इस सिरप में डायथिलीन ग्लाइकॉल की मिलावट होने का संदेह है, जो एक जहरीला रसायन है जिसके सेवन से गंभीर नुकसान या यहाँ तक कि मौत भी हो सकती है।

एफडीए ने कहा कि संबंधित बैच कोल्ड्रिफ सिरप (फिनाइलेफ्राइन हाइड्रोक्लोराइड, क्लोरफेनिरामाइन मैलिएट सिरप), बैच संख्या क्रमांक 13 है, जिसकी निर्माण तिथि मई 2025 और समाप्ति तिथि अप्रैल 2027 है। एफडीए ने सभी लाइसेंस धारकों, खुदरा विक्रेताओं, अस्पतालों और आम जनता को इस बैच की बिक्री, वितरण या उपयोग तुरंत रोकने और बिना किसी देरी के स्थानीय औषधि नियंत्रण अधिकारियों को इसकी सूचना देने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि इस कफ सिरप से मध्यप्रदेश और राजस्थान में बच्चों की मौत होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। इसी वजह से आज एफडीए ने इस कफ सिरप की बिक्री पर तत्काल रोक लगाए जाने का आदेश जारी किया है।

# बीएमसी चुनावों को लेकर महाराष्ट्र सरकार ने जारी किया का नोटिफिकेशन

## मुंबई को कुल 227 चुनावी वार्डों में बांटा गया

**मुंबई :** आगामी बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों को लेकर अब चुनावी तैयारियाँ औपचारिक रूप से शुरू हो गई हैं. महाराष्ट्र सरकार ने आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है, जिसमें शहर के चुनावी वार्डों का अंतिम गठन तय किया गया है. इस अधिसूचना में मुंबई को कुल 227 चुनावी वार्डों में बांटा गया है, और हर वार्ड से एक पार्षद चुना जाएगा. सरकार ने यह अधिसूचना मुंबई नगर निगम अधिनियम, 1888 की धारा 5 और 19 के तहत जारी की है. इसके साथ ही राज्य चुनाव आयोग की मंजूरी भी प्राप्त है. अधिसूचना 22 अगस्त, 2025 को प्रकाशित मसौदा वार्ड संरचना पर प्राप्त आपत्तियों और सुझावों की समीक्षा के बाद जारी की गई.



**वार्डों की सीमाएं और जनसंख्या रहेगी जानकारी**

हर वार्ड की सीमाएँ और उसमें रहने वाले लोगों की संख्या की जानकारी आधिकारिक दस्तावेज में सूचीबद्ध है. यह विवरण पार्टियों और उम्मीदवारों के लिए बेहद अहम होगा क्योंकि इससे उन्हें पता चलेगा कि किस वार्ड में कितनी संख्या में मतदाता हैं और किस क्षेत्र में ज्यादा मेहनत करनी होगी.

**राजनीतिक दलों में हलचल**

वार्ड सीमांकन पूरा होते ही शहर के राजनीतिक दलों में हलचल बढ़ गई है. अब हर पार्टी गहराई से अध्ययन कर रही है कि किस वार्ड में उसके लिए अवसर ज्यादा हैं और कहां पर चुनौती कठिन होगी. इस समय से ही उम्मीदवारों का चयन शुरू हो जाएगा और चुनाव प्रचार की योजना बनाई जाएगी. इस बदलाव का असर आम लोगों पर भी पड़ेगा. अब हर वार्ड में पार्षद का प्रतिनिधित्व तय होगा और स्थानीय मुद्दों की आवाज सीधे उनके प्रतिनिधि तक पहुंचेगी. इससे लोगों की स्थानीय समस्याओं का समाधान आसान हो सकेगा.

अब जब वार्ड सीमांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई है, तो मुंबई का राजनीतिक दल अपने सबसे बड़े नागरिक चुनाव की तैयारी में पूरी तरह लग जाएगा. राजनीतिक पार्टियाँ और उम्मीदवार अब सक्रिय रूप से चुनावी रणनीति बनाने में जुटेंगे, आने वाले महीनों में चुनाव प्रचार की शुरूआत हो जाएगी.

# मुंबई : रेलवे पर पथराव की घटनाएँ... गंभीर और लगातार सुरक्षा चिंता का विषय



**मुंबई :** उपनगरीय रेलवे नेटवर्क पर पथराव की घटनाएँ एक गंभीर और लगातार सुरक्षा चिंता का विषय बन गई हैं, जिससे हजारों दैनिक यात्रियों की जान को खतरा है। भारतीय रेलवे द्वारा विभिन्न सुरक्षा उपायों–जिसमें ट्रेन की खिड़कियों पर लोहे की ग्रिल लगाना भी शामिल है–के बावजूद, यह समस्या बेरोकटोक जारी है, और एक नया, ज्यादा परेशान करने वाला चलन सामने आ रहा है: यात्री, खासकर ट्रेन के दरवाजों के पास खड़े यात्री, सीधे निशाना बन रहे हैं।

पिछले कुछ हफ़्तों में ही, हार्बर लाइन पर पथराव की अलग-अलग घटनाओं में तीन महिलाओं को गंभीर चोटें आईं, जिससे इस मुद्दे की गंभीरता और भी बढ़ गई है। इन कृत्यों को, जिन्हें कभी शरारत मानकर खारिज कर दिया जाता था, अब गहरी सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और ढाँचागत समस्याओं की अभिव्यक्ति के रूप में पहचाना जा रहा है।

26 सितंबर को, 28 वर्षीय शिवानी शाम 7:15 बजे रे रोड स्टेशन के पास सीएसएमटी-गोरेगांव धीमी लोकल ट्रेन में एक पत्थर लगने से सिर पर चोट लग गई। कुछ दिन पहले ही, 18 सितम्बर को 39 वर्षीय अनुराधा साव को वडाला के पास आंख में चोट लगी थी, तथा 15 सितम्बर को 21 वर्षीय हर्षदा पवार को कॉटन ग्रीन-रे रोड सेक्शन के पास फुटबोर्ड पर यात्रा करते समय चेहरे पर चोट लगी थी।

# धर्म परिवर्तन रैकेट का भंडाफोड़; तीन लोग गिरफ्तार..



**भिवंडी :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी इलाके से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां पुलिस ने धर्म परिवर्तन रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सबसे बड़ा खुलासा यह हुआ कि गिरफ्तार आरोपियों में एक अमेरिकी नागरिक भी शामिल है। यह गिरोह ग्रामीणों को धर्म बदलने के लिए बहकाने का काम कर रहा था। पुलिस के अनुसार, यह घटना भिवंडी के चिम्बिपाड़ा इलाके की है। गिरफ्तार आरोपियों में अमेरिकी नागरिक 58 वर्षीय जेम्स वॉटसन और दो भारतीय, 42 वर्षीय सैनाथ गणपति सर्पे व 35 वर्षीय मनोज कोल्हा शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक शनिवार दोपहर यह आरोपी ग्रामीणों के एक घर के बाहर इकट्ठा हुए और वहां बैठक करवाई।

इस दौरान उन्होंने प्रार्थना करवाई और ईसाई धर्म से संबंधित पुस्तकें ग्रामीणों में बांटीं। ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपी लगातार उन्हें यह समझाने की कोशिश कर रहे थे कि ईसाई धर्म अपनाने से उनके सारे रोग और परेशानियां दूर हो जाएंगी। ग्रामीणों ने जब इसकी भनक पुलिस को दी, तो स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और तीनों आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह गिरोह लंबे समय से इलाके में सक्रिय था। आरोपी ग्रामीणों को बहकाकर धीरे-धीरे धर्म परिवर्तन की तरफ धकेल रहे थे। ग्रामीणों को धार्मिक किताबें देकर, प्रार्थना करवाकर और झूठे वादे कर इन पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही थी।

# मुंबई: पार्टी की 33 वार्डों से लगभग 150 बसें उल्वे पनवेल जाएँगी




**मुंबई:** बुधवार, 8 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उल्वे नवी मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन अवसर पर पनवेल और कल्याण भाईंदर नवी मुंबई ठाणे के कार्यकर्ता भाग लेंगे। ठाणे शहर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष संदीप लेले की अध्यक्षता में एक भव्य बैठक में यह निर्णय लिया गया।। इस बैठक में लगभग 400 कार्यकर्ता उपस्थित थे।प्रधानमंत्री मोदीजी के संबोधन को लोगों तक पहुँचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी की 33 वार्डों से लगभग 150 बसें उल्वे पनवेल जाएँगी। ठाणे शहर में कोपरी, वागले, इंदिरानगर, लोकमान्य नगर, ज्ञानेश्वर वैती वाडी, वर्तक नगर, शिवाई वसंत विहार, ओवला, ब्रह्माण्ड बाल्कुम, मानपाड़ा, रबोडी, वृन्दावन पचपाखाड़ी, नौपाड़ा, कलवा पूर्व, कलवा पश्चिम के 18 मंडलों, मुंब्रा, कौसा, दिवा के कार्यकर्ताओं और सभी नगरसेवकों, जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, पैनल प्रमुखों को जिम्मेदारी दी गई है।

इसके लिए एक विशेष समिति का गठन किया गया है और इस समिति में सचिन पाटिल, राजेश, मदवी, समीराताई भारती, साथ ही विक्रमजी भोईर, महासचिव और तृप्ति पाटिल, गौरव सिंह, भास्करची, बैरी शेट्टी शामिल हैं।

# भिवंडी : जनवल गाँव स्थित पारा मोन लॉजिस्टिक्स पार्क में भीषण आग



**भिवंडी :** महाराष्ट्र के भिवंडी तालुका के सवाद नाका स्थित जनवल गाँव स्थित पारा मोन लॉजिस्टिक्स पार्क में भीषण आग लग गई। आग शैडो फैक्स कूरियर नामक कंपनी के गोदाम में लगी, जहाँ ऑनलाइन उत्पादों का बड़ा स्टॉक रखा था। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। आग इतनी भीषण थी कि उसने कुछ ही देर में पास के एक बड़े गोदाम को भी अपनी चपेट में ले लिया। लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है।

धुआँ और लपटें कई किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रही थीं। घटना की सूचना मिलने पर भिवंडी फायर ब्रिगेड की टीम दो दमकल गाड़ियों और एक टैंकर के साथ घटनास्थल पर पहुँची। दमकलकर्मी लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि रविवार होने के कारण गोदाम बंद था और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। फिलहाल आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं और प्रशासन ने जाँच शुरू कर दी है।

# मुंबई: 16 करोड़ मूल्य के शेयरों की हेराफेरी से जुड़े धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज

मुंबईः आजाद मैदान पुलिस ने लगभग ₹16 करोड़ मूल्य के शेयरों की हेराफेरी से जुड़े धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया है। यह प्राथमिकी मुंबई के नेपेंसी रोड स्थित गोदरेज बाग निवासी लोहरास्प डी. कल्याणीवाला, दिलबर एल. कल्याणीवाला और अतुश एल. कल्याणीवाला के खिलाफ आईपीसी की धारा 406, 420, 465, 467, 468, 471, 120(बी) और 34 के तहत दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता ने विश्वासघात का आरोप लगाया शिकायतकर्ता, जोगेश्वरी स्थित अग्नि मंदिर के पुजारी, फ्रामरोज दादी वच्छा (51) ने आरोप लगाया कि उनकी दिवंगत चाची, होमाई करकरिया का उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट और विश्वसनीय सलाहकार द्वारा आर्थिक शोषण किया गया था।




संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com